भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या :772**

दिनांक 2 दिसम्बर, 2021/11 अग्रहायण,1943 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

# कमर्शियल पायलट प्रशिक्षण केन्द्र

772. **श्री प्रताप सिम्हा:**
**श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:**
**श्री तेजस्वी सूर्या:**
**डॉ. उमेश जी.जाधव:**
**श्री बी.वाई.राघवेन्द्र:**
**श्री वाई.देवेन्द्रप्पा:**
**श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या कितनी है, विशेषरूप से कर्नाटक में, जहां कमर्शियल पायलट प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध है;

(ख) क्या सरकार का किसी भी विश्वविद्यालय या डीजीसीए द्वारा अनुमोदित अर्हता प्राप्त केन्द्रों में कमर्शियल पायलट प्रशिक्षण सुविधा शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो ऐसे केन्द्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कमर्शियल पायलट प्रशिक्षण केन्द्र के लिए कोई परियोजना सरकार के विचाराधीन है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>**उत्तर**</u>

<u>**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))**</u>

(क) वर्तमान में, देश में नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित 34 उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) मौजूद हैं जिनमें से कर्नाटक में दो एफटीओ अर्थात गवर्नमेंट फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल, जक्कूर, बैंगलोर तथा ओरियंट फ्लाइट एविएशन एकेडमी, मैसूर हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने कर्नाटक में बेलगांवी एवं कलबुर्गी, प्रत्येक में एक-एक, कुल दो एफटीओ की स्थापना के लिए अवार्ड लैटर 31 मई 2021 को जारी कर दिए हैं।

(ख) केंद्र सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत एकमात्र एफटीओ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (इग्रुआ) है। पायलट प्रशिक्षण सुविधाओं को बड़े पैमाने पर गैर सरकारी संगठनों द्वारा प्रचालित

किया जाता है। नागर विमानन महानिदेशालय, निर्धारित विनियमनों के अन्तर्गत, पायलट प्रशिक्षण सुविधाओं को अनुमोदित करता है। वर्तमान में, किसी पायलट प्रशिक्षण सुविधा को प्रारंभ करने का, केंद्र सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) एवं (घ) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने पाँच हवाईअड्डों बेलगाँवी (कर्नाटक), जलगांव (महाराष्ट्र), कलबुर्गी (कर्नाटक), खजुराहो (मध्य प्रदेश) तथा लीलाबारी (असम) में नौ एफटीओ गठित करने के लिए दिनांक 31 मई 2021 तथा 29 अक्टूबर 2021 को अवार्ड लैटर जारी किए हैं। कलबुर्गी में दो एफटीओ का सॉफ्ट लाँच 15 अगस्त 2021 को किया गया था।